51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79)
डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24
Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 20.1 °c
अधिकतम 29.0 °c

**आज की अमृतवाणी**

रिश्तों की माला जब टूटती है, तो दोबारा जोड़ने से छोटी हो ही जाती है, क्योंकि कुछ जज्बात के मोती बिखर ही जाते हैं...

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

उत्तर प्रदेश में रोज हो रही हत्याएं क्या इशारा कर रही हैं? कमलनाथ



सूर्योदय : 5:51, सूर्यास्त : 6:46 | वर्ष : 51/ अंक : 105 | सोमवार, 17 अप्रैल 2023 | बैसाख, कृष्ण पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये


अपराध की पराकाष्ठा है...या अपराध पर अंकुश की पराकाष्ठा........














1973-2023

सम्पादक की क़लम से

# अपराधियों के प्रति दृष्टिकोण

पाप से घृणा करो पापी से नहीं, यह वाक्य बहुत पुराना है। काफी समय से सुनने में आता है। अपराध या पाप के प्रति भी यही दृष्टिकोण होना चाहिए, लेकिन न जाने कैसा माहौल बन गया है कि अब अपराध को सद्कर्म की तरह देखा जाता है और कुछ लोग अपराधियों के प्रति स्नेह से भर जाते हैं। अब इस वाक्य को इस तरह बदल दिया गया। लगता है कि पापियों से प्रेम करो, घृणा नहीं। जब अपराधी किसी की हत्या कर देते हैं, तो हल्ला मचता है कि सरकार क्या कर रही है और जब अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारे जाते हैं, तो फिर हल्ला मचता है कि पुलिस क्या कर रही है। अपराधी को विधि सम्मत दण्ड मिलना चाहिए, लेकिन कानून को ताक पर रखकर अगर पुलिस ही दण्ड देने लगे, तो यह भी अपराध है। किसी भी फर्जी मुठभेड़ की वकालत नहीं की जानी चाहिए, लेकिन किसी मुठभेड़ को फर्जी भी नहीं बताया जाना चाहिए। ऐसे में वक़्त से नकारे गए लोग, बहुत जल्दी फॉर्म में आ जाते हैं। वे बिना किसी जाँच के हर मुठभेड़ को फर्जी बताना शुरू कर देते हैं। फिर यह भी होता है कि वो जिनकी मोहब्बत में हल्ला मचा रहे होते हैं, वही लोग यह कहते हैं कि जब ये वोट लेने आएंगे, तो इन्हें जूते मारेंगे। अपराधियों पर कानूनी शिकंजा कसा ही जाना चाहिए, अगर ऐसा न हो तो आमजन का जीना ही हराम हो जाएगा। अपराधी तो कानून के दायरे से बाहर होकर ही अपराध करता है, लेकिन किसी भी अपराधी को कानून के दायरे से बाहर होकर दण्ड नहीं दिया जाना चाहिए। इस समय अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या और उसके बेटे और साथियों के मुठभेड़ में मारे जाने का चर्चा चल रहा है। सोशल मिडिया पर भी नेता सक्रिय हैं, ट्वीट पर ट्वीट कर रहे हैं। वीडियो बनाने वाले अतीक अहमद और उसके बेटे पर वीडियो बना रहे हैं। जो लोग अतीक अहमद के कारण अपने लोगों को खो चुके हैं, जो उसके द्वारा सताये गए हैं, उनके वीडियो भी सोशल मीडिया पर आ रहे हैं। वे अतीक की हत्या पर कैमरे के सामने खुशी जाहिर कर रहे हैं। कुछ लोग पुलिस पर सवाल उठा रहे हैं। कह रहे हैं, जब सरकार बदलेगी, तो ये सब पुलिस वाले अन्दर होंगे। इनके वीडियो पर लोग टिप्पणी कर रहे हैं 'जब उमेश पाल को और दो पुलिस वालों को मारा गया, तब वीडियो क्यों नहीं बनाई थी? तब वीडियो बनाकर कहना चाहिए था कि असद ने गलत किया। इतनी छोटी सी उम्र में गुनाहों के रास्ते पर कदम रख दिया, तब ऐसा कहते तो वो शर्मिंदा होकर सरेंडर कर देता कम से कम जिन्दा तो होता'।

किसी भी तरीके से गुनाहगारों की हिमायत ऐसे ही है, जैसे कोई शैतान की इबादत करने लगे। इस मामले में जो नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं, वे भी ऐसे ही लग रहे हैं, जैसे गुनहगारों की वकालत कर रहे हों। गुनहगारों की वकालत, गुनहगारों की हौसला अफजाई करती है। प्रयागराज के कॉल्विन हॉस्पिटल परिसर में 18 सैकेंड में 20 राउंड गोलियां चलीं। माफिया अतीक और उसका भाई अशरफ मारा गया। एक भी सैकेंड रुके बिना ये फायरिंग एके-47 से नहीं बल्कि एक ऑटोमैटिक पिस्टल से की गई थी। ये विदेशी पिस्टल थी, जिसे जिगाना कहते हैं। करीब 10 महीने पहले इसी पिस्टल से पंजाब में सिद्धू मूसेवाला की हत्या हुई थी। पुलिस के मुताबिक शूटर सनी पहले सुंदर भाटी के लिए काम करता था। रिपोर्ट्स में सनी को ये पिस्टल भाटी गैंग से मिलने का दावा किया जा रहा है। ऐसे में साफ है कि बड़े गैंग की मदद लिए बिना तीनों बदमाशों तक ये पिस्टल पहुंचना मुश्किल है। अतीक की हत्या पर लोग तरह तरह के अंदाजे लगा रहे हैं। साल 1979 में 17 साल की उम्र में अतीक पर हत्या का पहला केस दर्ज हुआ था। 1989 में अतीक प्रयागराज शहर की पश्चिमी विधानसभा सीट से माफिया चांद बाबा को हराकर विधायक बनता है। कुछ महीनों बाद ही बीच चौराहे पर दिनदहाड़े चांद बाबा की हत्या करा देता है। इसके बाद अपराध जगत में अतीक बड़ा नाम बन जाता है। माफिया अतीक अहमद के खिलाफ जबरन वसूली, जमीन हड़पने, अपहरण और हत्या सहित 100 से अधिक मामले दर्ज थे। पूरे यूपी में अतीक अहमद की दबंगई रही। ऐसे में दुश्मनों की कोई कमी नहीं थी। उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस अतीक पर तेजी से कार्रवाई कर रही थी। ऐसे में अतीक का कुनबा बिखरा हुआ था। शूटर्स भागे हुए थे। किसी पुराने दुश्मन के लिए बदला लेने का ये सही समय था और उसने अतीक और अशरफ की हत्या करवा दी हो। अतीक और अशरफ की हत्या में यह संभावना भी जताई जा रही है कि अतीक के किसी साथी को पदार्फाश होने का खतरा रहा हो। इसी डर के चलते उसने शूटर्स को सुपारी देकर ये हत्या करवा दी हो। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि ईडी ने बुधवार को प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और उसके करीबियों के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने इस दौरान 84.68 लाख कैश, 60 लाख के गोल्ड डायमंड, ज्वैलरी, 2.85 करोड़ के कागजात जब्त किए गए हैं। अतीक के लखनऊ में बने 47 लाख कीमत के 5,900 वर्ग फीट के मकान को जब्त कर लिया। अतीक की 100 बेनामी संपत्तियां भी जब्त। प्रयागराज के सदर में बना मकान भी जब्त। अतीक और अशरफ काफी दिनों से जेल में थे। चार बेटे भी जेल में हैं। इसके बावजूद इनका आपराधिक कारोबार का तंत्र चल रहा था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को धूमनगंज थाने में पूछताछ में माफिया अतीक अहमद ने कई बिल्डरों और बड़े लोगों से अपने संबंधों का खुलासा किया था। अतीक ने प्रयागराज और यूपी में अपनी काली कमाई के बल पर खड़े किए गए आर्थिक साम्राज्य में पार्टनर के तौर पर कई लोगों के नाम बताए थे। इन लोगों ने अतीक के काले धन को अपनी कंपनियों में लगाया है। ऐसी दो सौ से अधिक सेल कंपनियों के बारे में पता चला था। पकड़े गए तीनों शूटरों से पुलिस पूछताछ में ये बात सामने आई है कि वे बड़े माफिया बनना चाहते हैं इसीलिए अतीक और अशरफ की हत्या की। आरोपियों ने कहा कि कब तक छोटे-मोटे शूटर रहेंगे, बड़ा माफिया बनना है, इसलिए हत्याकांड को अंजाम दिया।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"घर" "एजेंसी" "संविधान" "कत्ल"

सरकारी घर चला गया तो संविधान की याद आयी।
एजेंसी का समन मिला तो संविधान की याद आयी।
शैतानों ने कत्ल किया तो उनकी छाती चौड़ी थी,
शैतानों का कत्ल हुआ तो संविधान की याद आयी।





# निकुंज कामरा और आरुषि के भजनों पर झूमे श्रोता

मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)। भजन सम्राट विनोद अग्रवाल की शिष्या निकुंज कामरा और आरुषि गंभीर ने बीती रात अपनी रस सिक्त वाणी से राधा माधव सरकार के मधुर भजनों की रस वर्षा कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। बीती रात सनातन धर्मसभा में श्री शिवमहापुराण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम एक शाम बांके बिहारी के नाम में भजन सम्राट विनोद अग्रवाल जी की स्मृतियां साकार हो उठीं। विनोद अग्रवाल की शिष्या सुप्रसिद्ध भजन गायिका निकुंज कामरा व आरुषि गम्भीर ने मधुर धार्मिक भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को रस विभोर कर दिया। भजन संध्या में श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए। भजन संध्या का शुभारंभ बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, प्रमुख उद्यमी अनिल बिंदल, शंकर स्वरूप बंसलने दीप प्रज्वलित करके किया। भजन संध्या में आये अतिथियों को संयोजक समाजसेवी अर्जुन अग्रवाल मनु स्वीट्स, साधु राम गर्ग व अध्यक्ष सतीश गर्ग, सुशील गोयल व अजय गर्ग द्वारा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। भजन संध्या का आयोजन देर रात तक चला। विश्व रतन, अजय गर्ग, नरेंद्र बोस, सतीश गोयल, नरेंद्र बोस, रण सिंह चौहान, नीरज अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, कार्तिक, शिवम व अनमोल जिंदल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन आज, रहेगा मारामारी का आलम

## सपा-रालोद और भाजपा के साथ ही प्रमुख राजनीतिक दलों के निकाय अध्यक्ष पदों के प्रत्याशियों के साथ ही वार्ड मैम्बर पद के लिए पर्चे भरने उमड़ेगी भारी भीड़



मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)। यूपी में नगर निकाय चुनाव की बजी रणभेरी के बीच जनपद में पहले चरण में होने वाले मतदान के लिए दो नगर पालिका परिषदों और 8 नगर पंचायतों के अध्यक्ष व वार्ड सदस्य पद के चुनाव में प्रतिभाग करने के लिए सोमवार 3 बजे तक ही नामांकन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकेंगा। जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, बीते 11 अप्रैल से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया 17 अप्रैल यानि आज ही पूर्ण हो जाएगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच और 20 अप्रैल को नाम वापसी के उपरांत चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 4 मई को मतदान और 13 मई को मतगणना होगी।

मुजफ्फरनगर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के बीच न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट में आज अंतिम दिन राजनैतिक दलों भाजपा, सपा-रालोद गठबंधन, बसपा, कांग्रेस, आप के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच में आज नामांकन होगा, जबकि नगर मुख्यालय स्थित कचहरी में वार्ड 1 से 6 और 7 से 12 सदस्य पद के लिए न्यायालय चकबंदी उप संचालक, वार्ड 19 से 24 और 25 से 30 के लिए एडीएम प्रशासन कोर्ट में नामांकन पत्र जमा किए जाने की व्यवस्था की गई है, जबकि वार्ड 31 से 36 और 37 से 42 के लिए न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एवं वार्ड 43 से 48 व वार्ड 19 से वार्ड 55 के सदस्य पद के तमाम दावेदार अपने नामांकन चकबंदी अधिकारी कलेक्ट्रेट में कर सकेंगे।

सूत्रों के अनुसार, नगर पंचायत पुरकाजी के अध्यक्ष और सदस्य पद के लिए नामांकन तहसील सदर परिसर कक्ष संख्या दो और चरथावल नगर पंचायत अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए नामांकन तहसील सदर परिसर कक्ष संख्या 13 में होंगे। सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के अंतिम दिन कलेक्ट्रेट व तहसील परिसर में भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने अपनी तैयारियों की समीक्षा करने के साथ तमाम अधिकारी-कर्मचारियों को सजग रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**शहर वार्ड का भ्रमण...** पॉश कालौनी में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के कैमरे पर बेबाक दिखे नागरिक, खुलकर बताई वर्तमान में हो रही दिक्कतें

# गांधी कालोनी के लोग बोले-निःस्वार्थ सेवा करने वाले ही लड़ें चुनाव

## गांधी वाटिका के बंद फव्वारे और टूटे खेल संसाधनों को लेकर जताया गया आक्रोश

मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)। नगर पालिका परिषद् के चुनावी रंग को देखने वार्ड-वार्ड भ्रमण पर जा रही मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम से गांधी कालौनी के लोगों ने बेबाकी से बात की। जलभराव और गन्दगी की समस्या बताते हुए लोगों का कहना था कि चेयरमैनी अथवा सभासदी का चुनाव वो लोग ही लड़ें जो निःस्वार्थ भाव से सेवा कर सकते हैं। घर भरने और कमीशन पाने की लालसा रखने वाले कम से कम छोटी सरकार का हिस्सा बनने से गुरेज करें। आप भी पढ़िए शहर के विकास और समस्या के साथ ही पालिका के नये चेयरमैन पर हुए सवालों के साथ नागरिकों की बात, उनकी जुबानी।

गांधी वाटिका में सुबह की सैर पर आये रिटायर्ड एसडीओ उमेश कुलश्रेष्ठ ने बुलेटिन की टीम से बात करते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था बेहद ही दयनीय है, कालौनी में भी सफाई कर्मचारी तीन चार दिनों में आते हैं और इस अवधि में जगह जगह कूड़ा एवं गन्दगी नजर आती है। सफाई व्यवस्था पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। पालिका की पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल भी ठीक थीं, जो नये आयेंगे वो भी काम करेंगे, जनता की समस्याओं के समाधान के लिए काम किया जाये। भारत अरोड़ा ने कहा कि वो गांधी कालौनी के मूल निवासी हैं और 40 साल से दिल्ली में रह रहे थे, अब वो फिर से यहीं पर रहने आये हैं, इन चार दशकों में जैसा वो छोड़कर आये थे, यहां पर वैसा ही माहौल मिला है। टूटी हुई सड़कें हैं, गन्दगी से अटे पड़े नाले और नालियां हैं, लटकी हुई बिजली की तारें हैं, हां! दिल्ली के मुकाबले के विकास में यह गांधी वाटिका का पार्क जरूर कुछ नया होने का अहसास कराता है। जबकि दिल्ली में हम रोहिणी क्षेत्र में रहते हैं, वहां पर 25 पार्क हैं। शहर के जितने भी चौराहे हैं, वहां और फ्लाई ओवर पर पैदल चलने वालों का सुरक्षित स्थान नहीं है, यहां दुर्घटनाओं का ज्यादा चांस हैं। भारत का कहना है कि अभी मुजफ्फरनगर में विकास के लिए काफी कुछ किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए शहर को बेहद सक्षम चेयरमैन चाहिए।

होलसेल केमिस्ट पंकज तनेजा ने कहा कि अंजू अग्रवाल और मंत्री कपिल देव की आपसी खींचतान और लड़ाई के चलते जनता का शोषण हुआ है। जो शहर का विकास होना चाहिए था, वो नहीं हुआ है। सामाजिक संस्था समर्पित युवा से जुड़े संजीव अरोरा ने कहा कि जो बजट सरकार से मिलता है, यह सही नीयत से खर्च कर दिया जाये तो समस्या ही कुछ नहीं हैं। गांधी वाटिका के विकास के लिए केन्द्र सरकार से करीब 67 लाख रुपये का बजट मिला था, लेकिन खर्च केवल 10 लाख रुपये ही किये गये हैं। यहां पर लाखों के खर्च से बनाया गया फव्वारा भी आज बंद पड़ा है। -झूले भी टूटे पड़े हैं, पार्क को सुन्दर रखने के लिए घास भी दोबारा लगाई गयी है। वार्ड में जलभराव की समस्या दो नालों के निर्माण के बाद भी बढ़ती जा रही है। मकानों में बारिश का पानी भर जाता है। जनता को ऐसे भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। शिक्षक नेता संजीव बालियान ने कहा कि चेयरमैन तो बहुत चुने गये, लेकिन जनता की मूल समस्याओं में शामिल जल निकासी और सड़कों के बेहतर निर्माण के लिए किसी ने ध्यान नहीं दिया है। ओमान आर्य आर्य ने कहा कि नया चेयरमैन अच्छा होना चाहिए। चेयरमैन केवल अपना घर भर रहे हैं, लेकिन जनता के लिए काम करने वाला चेयरमैन चाहिए। रवि वाधवा का कहना है कि जो दिल से जनता की सेवा करते हुए शहर को स्वच्छ बनाये, वो ही चुनना चाहिए। नये चेयरमैन पर मुकेश कुमार ने कहा कि निःस्वार्थ भाव से काम करने वाला कुर्सी पर आये तो ही समाज और शहर का भला हो सकता है।

## जलभराव और गन्दगी है बड़ी समस्या






## जनसेवा की भावना से आये नया चेयरमैन: रमेश सांई



**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)। आरएसएस के वरिष्ठ नेता रमेश सांई ने इस चर्चा के दौरान कहा कि जनता हर बार पांच साल के बाद शहर के विकास के लिए चेयरमैन चुनती है। इस बार भी नया चेयरमैन चुनने का माहौल है, ऐसे में जो भी नया चेयरमैन आये वो इस भावना के साथ आये कि जनता की सेवा करनी है। यही भावना शहर का विकास करने में सहायक साबित हो सकती है। जब तक पालिका में कमीशन का खेल चलता रहेगा, शहर विकास के लिए तरसता ही रहेगा।**

## जल निकासी की समस्या से मिली निजात: पवन छाबड़ा



**मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)। गांधी कालौनी को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के चेयरमैन पवन कुमार छाबड़ा ने कहा कि गांधी कालौनी में बेहतर कार्य किया गया है। जल निकासी की समस्या काफी बनी रहती थी, जो लोग घरों में पानी भरने की समस्या से परेशान थे उनके लिए कार्य करते हुए वार्ड में काम हुए और समाधान कराया गया है। वार्ड में काफी सड़कों का निर्माण कराया गया है। साफ सफाई नियमित रही। उन्होंने कहा कि वार्ड सभासद उनके भाई प्रेमी छाबड़ा को कोरोना और खीचतान के कारण काम के लिए कम समय मिला है, यदि इस बार भी मौका मिला तो और बेहतर काम कराये जायेंगे।**

## तेरहवीं एवं श्रद्धांजलि सभा



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे प्रिय सुपुत्र

**रिंकल देव सिंहल**

का आकस्मिक निधन दिनांक 08 अप्रैल 2023, दिन शनिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म तेरहवीं एवं श्रद्धांजलि सभा दिनांक 17 अप्रैल 2023, दिन सोमवार को 3 बजे सायं, स्थान कमला फार्म, मुजफ्फरनगर रोड, चरथावल में सम्पन्न होगी।

-: शोकाकुल परिवार :-

विनोद कुमार सिंहल (ताऊ जी) | प्रवीण कुमार सिंहल (पिता जी)
पुरूषोत्तम सिंहल (चाचा जी) | उर्मिला देवी (माता जी)
पवन सिंहल (चाचा जी) | आराधना सिंहल (धर्मपत्नी)
योगेश सिंह भगत जी (चाचा जी) | नवल किशोर, अमित सिंहल (भाई)
मुकेश सिंहल (चाचा जी) | सुमित सिंहल, अंकित सिंहल (भाई)
ब्रजमोहन सिंहल (चाचा जी) | शिप्रा गुप्ता-विनित गुप्ता (बहन-बहनोई)
कोमल सिंहल (चाचा जी)

मोबाइल : 9691301782, 8126310448

## शोक सन्देश



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य पिताजी **श्री सत्यप्रकाश गर्ग जी** (पुत्र स्व. लाला रतिराम गर्ग, सिखेड़ा वाले) का स्वर्गवास दिनांक 06 अप्रैल 2023, दिन गुरूवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

तेरहवीं संस्कार आज दिनांक 17 अप्रैल 2023, दिन सोमवार को मधुर मिलन बैंक्वट हॉल, कूकड़ा चौक, निकट कूकड़ा मण्डी, मुजफ्फरनगर में सम्पन्न होगा।

हवन ............ प्रातः 8:00 बजे
ब्रह्मभोज ............ प्रातः 11:00 बजे
शोकसभा ............ दोपहर 2:00 बजे

-: शोकाकुल परिवार :-

विपिन गर्ग (भाई)
मनोज गर्ग-कामना गर्ग, रोबिन गर्ग-दीपा गर्ग, विकास गर्ग-अर्पणा गर्ग
समस्त गर्ग परिवार

-: प्रतिष्ठान :-

सत्यप्रकाश मनोज कुमार (सिखेड़ा), मो. 9759951454
विकास ट्रेडिंग कम्पनी (176 बी), मो. 9319419759
सरस्वती कैमिकल्स (164 बी), मो. 9719350006

निवास स्थान : 01, महालक्ष्मी एनक्लेव, मुजफ्फरनगर

# युवक की हत्या के बाद ग्राम भंडूरा में पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे मंत्री कपिल देव अग्रवाल, दी सांत्वना

**▸▸ मामला खोलने के साथ आर्थिक मदद के लिए दिए अफसरों को निर्देश**



मुजफ्फरनगर, 16 अप्रैल (बु.)। सदर विधानसभा से जुड़े ग्राम भंडूरा में बीते दिवस हुई युवक की संदिग्ध मृत्यु के उपरांत रविवार को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने परिजनों को गांव में पहुंचकर सांत्वना दी और वहीं से एसएसपी से बात कर घटना को जल्द खोले जाने के साथ ही एसडीएम सदर को मुआवजा दिए जाने के निर्देश दिए।

बीते शुक्रवार नई मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम भंडूरा निवासी राहुल कश्यप पुत्र सुभाष कश्यप अपने घर से टायर फैक्ट्री में काम करने गया था, अगले दिन उसका शव न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल के पास संदिग्ध हालत में मिला था। परिजनों व ग्रामवासियों को घटना की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई। ऐसे में शव की पहचान होने पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया व पीएम को भेज दिया। परिजनों का आरोप है कि मृतक के शरीर पर गहरे घाव है और उसकी हत्या की गयी है। उन्होंने घटनाक्रम का खुलासा किये जाने व आर्थिक भरपाई की मांग की हैं। घटना की जानकारी मिलने पर रविवार को क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने ग्राम भंडूरा में पहुंचकर मृतक राहुल के परिजनों से मिल कर उन्हें सांत्वना दी तथा एसएसपी से बात कर घटना को तुरंत खुलवाने व एसडीएम सदर को मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता-मुआवजा दिए जाने को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रविन्द्र पाल, नरेश प्रजापति, संजय कश्यप, अंकित कश्यप, समय सिंह, गौरव कश्यप आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## महिला को तलाक देकर घर से निकाला

कांधला, 16 अप्रैल (बु.)। कस्बा निवासी महिला नाजिया की शादी 2019 में थानाभवन निवासी मोहसीन के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग दहेज में बुलेट बाइक अन्य सामान न दिए जाने से नाराज होकर विवाहित महिला का उत्पीड़न करते हैं। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला को घर से बाहर निकाल दिया था, लेकिन विवाहित महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष को समझा-बुझाकर पीड़ित महिला को ससुराल छोड़ आए थे, पति ने महिला के साथ मारपीट करते हुए बुलेट बाइक की मांग पूरी न होने पर महिला के साथ मारपीट करते हुए तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। महिला ने मायके के लोगों को घटना के संबंध में सूचना दी, जिसके पश्चात पीड़िता महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अपने आरोपी पति सहित आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया है।

VACANY/JOB



Knowledge of MS-Office, Tally

PRATIBHA COMPUTER
New Mandi, Muzaffarnagar
M. 9719728421

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शोकेन्द्र कुमार (SHOKENDR KUMAR) से बदलकर सतेन्द्र कुमार (SETENDR KUMAR) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे सतेन्द्र कुमार (SETENDR KUMAR) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

सतेन्द्र कुमार पुत्र प्रेम
(SETENDR KUMAR)
निवासी : गांव समरथी,
जिला मुजफ्फरनगर

